तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025

10 ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग...

10 मरीजों और परिजनों को अस्पताल में मिलेगा...




## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी कांग्रेस का चला हस्ताक्षर अभियान



**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी तथा उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना की उपस्थिति में कांग्रेस का प्रतापदेव वार्ड स्थित भूमि में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन हस्ताक्षर अभियान हुआ। कोतवाली चौक से शुरू कर लोगों का समर्थन मांगते हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्षदगण, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### टमाटर 25 तो फूलगोभी बिकी 100 रुपए किलो में



**जगदलपुर।** मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रही। खरीददारों ने बताया कि बाजार में 15 दिन से मटर नहीं मिल रहा है। वहीं व्यापारियों ने बताया कि कुछ दिनों से मटर बाजार में नहीं आ रहा है। इस रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, सरसो भाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रहा है।

### कोतवाली चौक में प्रदर्शन और आक्रोश रैली आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अमित बघेल द्वारा हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है । सिंधियों को पाकिस्तानी कहा जा रहा है । एफआईआर होने के बाद भी अभी तक प्रशासन ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है । जिसके विरोध में 3 नवंबर को सुबह 10 बजे सिंधी एवं हिंदू समाज कोतवाली चौक में प्रदर्शन करेगा। पश्चात आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ आज

**जगदलपुर।** विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत जगदलपुर विकासखंड के बिलौरी में 3 नवम्बर को प्रातः 11 बजे हाईस्कूल खेल मैदान में शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप और अध्यक्षता विधायक किरण देव करेंगे। इस दौरान खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखाएंगे।

### निषाद समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास लोकार्पित



**जगदलपुर।** राज्योत्सव के अवसर पर आज निषाद समाज भवन में मनोहर लाल निषाद महासचिव के मुख्य आतिथ्य में बस्तर निषाद केवट समाज के विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त छात्रावास भवन का लोकार्पण किया गया। जहां बस्तर संभाग में मेडिकल, इंजीनियरिंग प्रशिक्षण एवं अन्य विषय में उच्च शिक्षा अध्ययन करने वाले छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला, शहर या गांव के समाज के विद्यार्थियों के लिए उत्तम व्यवस्था रहेगी। मुख्य अतिथि ने मयार्दा पुरुषोत्तम राम और महाराज गुहा निषादराज की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बस्तर जिला निषाद केवट समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ▶▶|शेष पेज 10 पर

# 197 स्व-सहायता समूहों की 2364 महिला सदस्याओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर वनों से घिरा हुआ है, यहां वनोपज संग्रहण करना ग्रामीणों की जीवनशैली का हिस्सा है, वनोपज ग्रामीणों का सहारा बनी है। वनोपज संग्रहण का काम कर रही अंचल की महिलाओं को लाखों रुपए की आय हो रही है। महुआ, टोरा, चिरौंजी, काजू, इमली, हर्रा, साल बीज का लक्ष्य से भी ज्यादा संग्रहण हो रहा है। बस्तर जिले के विभिन्न स्व-सहायता समूह और वन प्रबंधन समिति ने तेंदूपत्ता संग्रहण से अच्छी आय हुई है। बस्तर जिले में वन विभाग ने 197 स्व-सहायता समूहों की 2364 महिलाओं को रोजगार दिया है, जिससे वे सशक्त बन रही हैं। यह वन विभाग के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की एक पहल है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद कर रही है। यह पहल महिलाओं को ▶▶|शेष पेज 10 पर

## उत्पादों व उपज से सशक्त हो रहीं बस्तर की महिलाएं

### ग्रामीणों को रोजगार मिल सके

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन विभाग लगातार कोशिश कर रहा है कि बस्तर के वनोपज से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार मिल सके और उन्हें अच्छी आय भी प्राप्त हो सके। इसके लिए वनोपज संग्रहण के साथ इसके प्रसंस्करण के लिए पूरी टीम लगी हुई है।



### 25 वर्षों में हुआ बदलाव

बताया जा रहा है कि तेंदूपत्ता की दर वर्ष 2000 में 400 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़कर वर्ष 2025 में 5500 रूपए प्रति मानक बोरा हो गया है। यह वृद्धि छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहकतार्ओं को प्रोत्साहित करने के लिए दरों को बढ़ाने के कारण हुई है। 25 वर्षों में यह एक बड़ा बदलाव है जो तेंदूपत्ता संग्रहकर्ताओं की आय में पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है। इस बदलाव में राज्य सरकारों द्वारा दरों में वृद्धि और बोनस जैसी प्रोत्साहन योजनाएं भी सहायक रही हैं।



## कार्यक्रम : उप मुख्यमंत्री साव ने किया राज्योत्सव का शुभारंभ

# बस्तर की पहचान दुनिया में कला, संस्कृति सभ्यता और पर्यटन से बनी : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शुभारंभ किया। उन्होंने विभागों द्वारा आयोजित स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में आमचो बस्तर हाट कियोस्क का उद्घाटन करते हुए कलागुड़ी कैटलॉक का विमोचन किया ।

डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि दंतेश्वरी मैय्या के पवित्र धरा में हम प्रदेश का 25 वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने छतीसगढ़ के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने 25 वर्ष में सभी क्षेत्रों में विकास किया है।

शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना का विकास किया, विकास की गंगा बह रही है। जिसके कारण देश में राज्य ने नई पहचान बनाई है। तेज गति से विकास करने, बड़े बड़े उद्योगों के लिए निवेश हो रहे हैं। दुर्गम क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और पुलिस के द्वारा नक्सल मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सलियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी गई है। बस्तर को दुनिया अब कला, संस्कृति, सभ्यता और पर्यटन के क्षेत्र में पहचान बनाई है। पच्चीस वर्ष की रजत जयंती पर राज्योत्सव को भव्य रूप बनाने का निर्णय सरकार ने लिया। राज्य लंबी उड़ान के लिए तैयार है,हमको विकसित छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का काम करना है ।

- विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन







### जनप्रतिनिधि, पार्षदगण सहित प्रशासनिक अफसर रहे उपस्थित

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, नगर निगम सभापति ने भी संबोधित कर राजोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दी । कलेक्टर हरिस एस ने स्वागत उद्बोधन में जिले के विकास कार्यों का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि को कमिश्नर डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी ने स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# धान खरीदी संकट, एग्रीस्टैक पंजीयन में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




इस साल धान खरीदी शुरू होने से पहले ही बस्तर संभाग के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर बीत चुकी है। लेकिन हजारों किसान अब भी अपंजीकृत रह गए हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष 2,81,005 किसानों ने पंजीयन कराया था जबकि इस बार यह संख्या घटकर 2,52,110 रह गई है। यानी 28,895 किसानों का नाम सूची से बाहर हो गया है। यह स्थिति शासन और कृषि विभाग दोनों के लिए चिंता का विषय बन गई है। संभाग में 16,047 किसानों की व्यक्तिगत जानकारी अपूर्ण है। वहीं 5,102 किसानों के पंजीयन कैरीफॉरवर्ड नियमों के तहत निरस्त कर दिए गए हैं। कई किसानों के आवेदन त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों के कारण अधूरे रह गए हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि बीत जाने से अब हजारों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के अधिकार से वंचित हो चुके हैं। किसानों की घटती संख्या को लेकर विपक्ष और किसान संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाए हैं । जिनका कहना है किसानों को सूची से बाहर रखकर समर्थन मूल्य राशि बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि विभाग का कहना है कि पंजीयन घटने का मुख्य कारण एग्रीस्टैक ▶▶|शेष पेज 10 पर

- धान खरीदी से वंचित रह जाएंगे हजारों किसान
- समय रहते पंजीयन न कराने वाले किसान अब च्वाईस सेंटरों के चक्कर लगाने मजबूर

### यूनिफाइड पोर्टल में तिथि नहीं बढ़ी

एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों का समर्थन मूल्य पर वर्तमान स्थिति मे इसलिए संभव नहीं है, कारण केंद्र से एग्रिस्टेक पंजीयन तिथि में वृद्धि के ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। हालांकि एग्रीस्टेक पंजीयन वर्तमान में भी चालू है। आने वाले दिनों में पंजीयन की तिथि में वृद्धि होने से ही नहीं कराने वाले किसानों को एक और अवसर मिल सकता है।

घनश्याम राठौर
खाद्य नियंत्रक, बस्तर

# 7 प्रकरणों पर साढ़े 12 लाख की सहायता के लिए अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

टक्कर मार कर भागना, मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत दावा प्रकरणों की समीक्षा समेत स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त हरिस एस की अध्यक्षता में बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति के द्वारा 7 प्रकरणों पर साढ़े 12 लाख रुपए की सहायता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। जिसमें कैशलेस ट्रीटमेंट की सहायता भी सम्मिलित है। बैठक में हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों को त्वरित मदद देने पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं दस्तावेजों की पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हर महीने प्रकरणों की स्वीकृति के लिए प्रत्येक सप्ताह प्रकरणों जांच एवं रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत करवाने कहा। बैठक के दौरान दावाकर्ता तोकापाल तहसील अंतर्गत केशलूर निवासी ▶▶|शेष पेज 10 पर

- दुर्घटना पीड़ित के दावा प्रकरण का निराकरण



# जांच में 1812 वाहनों पर 52.75 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम बस्तर संभाग के रायपुर, उड़ीसा, बीजापुर, किरंदुल, कोंटा आदि सड़कों में वाहनों की जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अक्टूबर माह में 1812 वाहनों से लगभग 52 लाख 75 हजार 208 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही जांच में 4 वाहन ओव्हरलोड मिले जिन पर 1.02 लाख राजस्व वसूला गया। इसके अलावा 1701 वाहनों से 21 लाख 94 हजार 200 रूपए, 73 वाहनों से 27 लाख 43 हजार 908 रूपए एवं 34 ई-चालान से 3 लाख 31 हजार 100 रूपए समझौता शुल्क लिया गया। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिल रहे हैं, जिन पर सख्ती कार्रवाई की। इसके अलावा सड़कों में केज व्हील लगी हुई ट्रैक्टर का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरुद्ध है, जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे केज व्हील लगे ट्रैक्टरों का सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है एवं नियम ▶▶|शेष पेज 10 पर



# माहरा समाज के प्रयास से 2 सदस्य की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत हाटगुड़ा विकासखंड जगदलपुर में माहरा समाज के एक परिवार के दो सदस्यों की घर वापसी हुई। जानकारी के अनुसार रजो नाग (45) और कुमारी नाग (20) पिछले पाँच वर्षों से ईसाई धर्म में शामिल थे। दोनों ने पुनः मूल हिन्दू धर्म को अपनाने का निर्णय लिया। घर वापसी कार्यक्रम माहरा समाज के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक विधि से दोनों का स्वागत कर समाज में सम्मिलित किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धर्म, संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव ही समाज की पहचान और अस्तित्व की नींव है। अपने मूल संस्कारों और परंपराओं को जीवित रखना ही समाज की असली शक्ति है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने सामाजिक एकता, भाईचारा और पारस्परिक सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया।

- 5 साल से मतांतरित होकर अन्य धर्म में शामिल थे



### ये रहे उपस्थित

*माहरा समाज के संभागीय अध्यक्ष राजू बघेल, जिला पदाधिकारी विनय सोना, कन्हैया सोना, गणेश नागवंशी, घनश्याम नाग, नवल सिंह, आकाश कश्यप, अमल बेस, तथा समाज के नाइक-पाइक कैलाश, सैमसंग, वामन, मनोरथ चालकी सहित ग्राम के प्रमुख पीलादास, दुर्लभ, चमन, संग्राम, गुड्डू, रामदास उपस्थित थे।*

## रोटरी क्लब की कार्यशाला में विशेषज्ञ ने दी नसीहत

# पढ़ाई का दबाव बन रहा बच्चों के अवसाद का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आज का बच्चा किताबों के बोझ तले नहीं बल्कि अपेक्षाओं के बोझ तले दबा है। स्कूल की प्रतिस्पर्धा, मोबाइल की लत और अभिभावकों का अत्यधिक दबाव कारण हैं जो बच्चों को धीरे-धीरे अवसाद की ओर धकेल रहे हैं। अब यह समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि विशेषज्ञ भी इसे समाज की अगली मानसिक महामारी कहने लगे हैं। रोटरी क्लब ने हम एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल के सहयोग से मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कार्यशाला चलो दुनिया जीते का आयोजन किया। इस कार्यशाला में रायपुर से आई साइकोलॉजिस्ट, मोटिवेटर एवं एनएलपी थैरेपिस्ट डॉ एला गुप्ता ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बच्चे पढ़ाई से नहीं, दबाव से डरते हैं। माता-पिता का प्यार समर्थन बने, प्रतिस्पर्धा नहीं। हर बच्चे की अपनी गति, अपनी क्षमता और अपनी दिशा होती है बस उसे समझने की जरूरत है।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि लगातार तनाव, नींद की कमी और तुलना की भावना बच्चों के अंदर आत्मविश्वास खत्म कर देती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया से दूर रखना और उनके साथ संवाद के लिए रोज थोड़ा समय निकालना सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रेरणा दें मगर उन पर लक्ष्य का बोझ न डालें। रोटरी क्लब के चेयरमैन साहिल बारवाटिया ने कहा कि आज मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न स्कूलों से बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। तेज रफ़्तार जिंदगी में मानसिक मजबूती ही असली सफलता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय सीखे। यह ▶▶|शेष पेज 10 पर

- अंकों से ज्यादा जरूरी है संवाद और स्नेह






### मोबाइल से बच्चों को रखें दूर

पढ़ाई का दबाव बच्चों के भविष्य को नहीं उनके वर्तमान को निगल रहा है। माता-पिता अंक की बजाय अपने बच्चों की भावनाओं को समझें, क्योंकि पढ़ाई में प्रेरणा होनी चाहिए, दबाव नहीं। हर घर में दिन के कुछ पल नो मोबाइल सिर्फ संवाद का समय तय करें ताकि बच्चे खुलकर अपने मन की बात कह सकें। मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी, आत्मविश्वास की हत्या है। अब वक्त है जागने का।

# जैन समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जैन श्वेताम्बर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को ओसवाल भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ओसवाल जैन श्वेताम्बर महिला मंडल के मंगलाचरण के साथ किया गया। प्रारंभ में जैन युवा संघठन के अध्यक्ष जयेश बरड़िया ने स्वागत उद्बोधन दिया। वहीं समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा ने अपने उद्बोधन में समाज की भावी योजनाओं की जानकारी दी एवं जैन वाटिका के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी समाज जनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुऐ ▶▶|शेष पेज 10 पर

- शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्र के होनहार हुए शामिल

## खबर संक्षेप

### धुमधाम से मना छग स्थापना दिवस और एकादशी पर्व



फरसगांव। क्षेत्र में 01 को नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और एकादशी पर्व बड़े हर्षोल्लास के मनाया गया। इस पर्व के लिए लोगों ने अपने घरों में रंगोलिया बनाकर सजाया, दीपक जलाये, लाइट की लड़ियां लगाई और घरों को रौशन किया। लोगों ने कहा इस साल दो पर्व एक मनाने को मिला है, आज ही के दिन हमारे छत्तीसगढ़ की स्थापना हुई थी आज पुरा 25 वर्ष हो गया हो वहीं आज एकादशी का भी पर्व है, छत्तीसगढ़ वासियों में एक साथ दुगनी खुशी दुगुना उत्साह देखने को मिल रहा है, इस अवसर पर घरों को रौशन कर रंगोलियों से सजाया और दोनों पर्व को धूमधाम से मनाया गया।

### नगरीय क्षेत्र में बस्तर ओलम्पिक होगा आज से





कोण्डागांव। जिले में बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन जोन स्तर पर 30 अक्टूबर से जारी है। अब इस श्रृंखला में नगरपालिका परिषद कोण्डागांव क्षेत्र के खिलाड़ियों की बारी है। नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों के खिलाड़ी 3 नवम्बर सोमवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। पुरुष वर्ग 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। केवल ऑनलाइन पंजीकृत खिलाड़ी ही प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों को पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नगरीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले बस्तर ओलम्पिक में विभिन्न खेलों का आयोजन निम्न स्थानों पर किया जाएगा खो–खो एवं रस्साकसी, एनसीसी मैदान एथलेटिक्स प्रतियोगिता, नगर पालिका स्टेडियम, कनेरा रोड कबड्डी एवं वॉलीबॉल ऑडिटोरियम के पीछे स्थित मैदान आर्चरी तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर कराते टाउनहॉल बैडमिंटन ऑडिटोरियम के बगल में बैडमिंटन कोर्ट, फुटबॉल विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के साथ आयोजित किया जाएगा।

# ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**राज्य सलाहकारों ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा की**

**जिले में स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 की प्रगति पर चर्चा**



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा के लिये राज्य सलाहकार रूपेश राठौर और मधुरिमा ने जिला पंचायत कोण्डागांव का दौरा किया। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई से योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। राज्य सलाहकारों द्वारा जिला पंचायत में आयोजित बैठक में जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। बैठक में सलाहकारों ने कहा कि घर–घर अपशिष्ट संग्रहण में लगे स्वच्छाग्रहियों को 15वें वित्त आयोग से नियमित मानदेय दिया जाए, ताकि कार्योंर् में निरंतरता बनी रहे। सभी सामुदायिक शौचालयों के उपयोग और रखरखाव के लिए ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की डाइड फंड से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**जियो टैगिंग और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश :** राज्य सलाहकारों ने सभी निर्माण कार्यों का जियो टैगिंग और पीडीएफएटी अपलोडिंग निर्धारित समय–सीमा में करने पर जोर दिया। उन्होंने कोण्डागांव जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और अधिक प्रगति लाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सौगात: जिला अस्पताल में दीदी की रसोई का शुभारंभ

# मरीजों और परिजनों को अस्पताल में मिलेगी सस्ता, स्वच्छ और घर जैसे भोजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया उद्घाटन

जिला अस्पताल परिसर में आज 'दीदी की रसोई' कैंटीन का शुभारंभ विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने संयुक्त रूप से किया। यह रसोई बिहान योजना के अंतर्गत शिव स्व–सहायता समूह की छह महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सस्ती, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन सुविधा प्रदान करना है। अस्पताल में शुभारंभ के दौरान कैंटीन में आने वाले मरीज या परिजन अपना राशन देकर भी भोजन बनवा सकते हैं, जिससे उन्हें घर जैसा स्वाद और सुविधा दोनों मिल सके। विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा यह स्थान कुछ महीने पहले जर्जर अवस्था में था, लेकिन आज यह एक आकर्षक और साफ–सुथरी कैंटीन में बदल गया है। यह बदलाव महिलाओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने महिलाओं से भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की वास्तविक मिसाल बनेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण की परिभाषा तब साकार हुई जब राशन कार्ड महिलाओं के नाम पर बनने लगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएँ भी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम हैं। उन्होंने उपस्थित महिला —षकों से संवाद करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, प्रेम सिंह नाग, कुलवंत चहल, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, हर्षवीर ढिल्लन, ननकी वैष्णव, तथा सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### अस्पताल आने वालों को मिलेगी बड़ी राहत

नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि अब अस्पताल में आने वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को भोजन की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि अस्पताल में आने वाले बच्चों, बुजुर्गों और परिजनों की भोजन संबंधी चिंता दूर करने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। कोई भी व्यक्ति दाल, चावल या आर्थिक सहयोग देकर इस सेवा में योगदान दे सकता है। इस अवसर पर शहर के गोपाल दीक्षित ने अपने स्वर्गीय पिता की पुण्यतिथि पर 5100 रुपए का दान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।





### महिलाओं के लिए आय का नया जरिया

दीदी की रसोई न केवल एक सेवा केंद्र है बल्कि महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम भी है। बिहान समूह की छह महिलाएँ इस कैंटीन का संचालन कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

### टिफिन सेवा और रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध

जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम विनय सिंह ने बताया कि इस रसोई के माध्यम से न केवल मरीजों और परिजनों को भोजन मिलेगा, बल्कि चिकित्सकों के लिए टिफिन सेवा भी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों के लिए रात्रि विश्राम के लिए मात्र 10 रुपए प्रतिरात्रि की दर से ठहरने की व्यवस्था भी की गई है।

### अटल चौक में मोमबत्ती जलाकर भाजपाइयों ने मनाया राज्य स्थापना दिवस



फरसगांव। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज फरसगांव नगर स्थित अटल चौक पर भाजपाइयों ने मोमबत्ती जलाकर राज्य स्थापना दिवस मनाया. भाजपाइयों ने बताया कि आज से 25 साल पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना किया था, जिसे लेकर आज फरसगांव भाजपा मंडल के द्वारा उन्हें याद कर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। वहीं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीण बदेशा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस छत्तीसगढ़वासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ था। यह दिन राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमें राज्य के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पार्षद संगीता राव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे महामंत्री प्रवीण राव वरिष्ठ भाजपाई सुरेश जयसवाल दीपेंद्र मसीह, देवेंद्र निषाद सहित अन्य भाजपा युवा नगर वासी मौजूद रहे।

# ट्रक समेत 36 लकड़ी गोला और 3 चैन शॉ मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- ओडिशा बॉर्डर पर पकड़ा गया अवैध लकड़ी परिवहन



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर तथा केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आकांक्षा नायक के मार्गदर्शन में 1 नवंबर की देर शाम एक बड़ी कार्रवाई की गई। तहसील क्षेत्र बड़ेराजपुर अंतर्गत हल्दा गांव (ओडिशा बॉर्डर) के पास सूचना पर अवैध रूप से काटे गए आम के 36 लकड़ी गोला, 03 नग चैन शॉ मशीन और अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0786 को जब्त किया गया है। विभाग से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से हरे-भरे पेड़ों को अवैध तरीके से काटकर उनके बिना दस्तावेजी कार्यवाही के परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इस सूचना पर केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आकांक्षा नायक के मार्गदर्शन में बड़ेराजपुर तहसीलदार फणेश्वर सोम के नेतृत्व में राजस्व विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई।

### ट्रक से मिलीं बिना दस्तावेज लकड़ी और मशीनें

संयुक्त टीम द्वारा बड़ेराजपुर-बासकोट-गम्हरी मार्ग पर अवैध परिवहन की जांच की गई । कोरगांव तहसील बड़ेराजपुर जांच के दौरान हल्दा गांव (ओडिशा बॉर्डर) के पास बासकोट की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0786 को रोककर उसके दस्तावेज मांगे गए, किंतु मौके पर सोमी नेताम, पिता लखमू नेताम, ग्राम कोरगांव द्वारा वाहन से किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जांच में उक्त वाहन में 36 नग आम की लकड़ी के गोले और काटने के लिए प्रयुक्त 3 चैन शॉ मशीन पाई गईं। इसके बाद राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रक सहित लकड़ी और मशीनों को जप्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है।

# सोनाबाल स्कूल में छात्र- छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति ने सबका मन जीता




**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शासकीय प्राथमिक शाला सोनाबाल के छात्र- छात्राओं ने एक अनोखी रचनात्मक पहल करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की सजीव प्रतिमूर्ति तैयार की जिसने विद्यालय परिसर को राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव से सराबोर कर दिया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य जो अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक कलाओं के लिए जाने जाते हैं ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में अपनी कला और भावनाओं को अभिव्यक्त करें। उन्होंने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम और सांस्कृतिक गर्व की भावना विकसित करना है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। राज्योत्सव के तहत 1 नवंबर से 5 नवंबर तक पूरे प्रदेश में दीप प्रज्वलन, भवन सज्जा, कीड़ा उत्सव, न्योता भोज और लोककला आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय के इस रचनात्मक आयोजन को भी इसी राज्योत्सव श्रृंखला का प्रेरक उदाहरण माना गया।

**कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों ने निभाई प्रमुख भूमिका –** विद्यालय के कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थी महक, हीना, बेदबती, भारती, साक्षी, भावना, अखिलेश तथा अन्य बच्चों ने मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमूर्ति को फूल, रंग और पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित किया। इस सृजन में बच्चों ने सामूहिक रचनात्मकता, टीम वर्क और कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**सन् 1954 से शिक्षा का दीप जला रही है सोनाबाल शाला –** ज्ञातव्य है कि शासकीय प्राथमिक शाला सोनाबाल क्षेत्र की एक ऐतिहासिक संस्था है जिसकी स्थापना सन् 1954 ईस्वी में हुई थी। यह विद्यालय आज भी ग्रामीण अंचल में शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का केंद्र बना हुआ है। विद्यालय परिसर में हुए इस आयोजन को ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी देखा और सराहा। बच्चों की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, मातृभूमि और मेहनतकश जनता में बसती है।

## ग्राम बांसकोट में तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल का शानदार समापन

# युवा खिलाड़ियों ने दिखाया जोश और प्रतिभा, विजेता किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बांसकोट जोन में हुआ खेल भावना का शानदार प्रदर्शन



विकासखण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत बांसकोट स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक चली, जिसका उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी खेल प्रतिभा को निखारना और राज्य शासन से सहभागिता बढ़ाना रहा।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत पूजा–अर्चना, राज्य गीत और राष्ट्रगान के साथ की गई। मुख्य अतिथि सरपंच मैनवती नाग ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है। आप सभी ने शानदार प्रदर्शन किया है, इसी तरह आगे भी अपना जज्बा बनाए रखें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और देवउठनी पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस आयोजन ने न केवल युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि गांवों के बीच सौहार्द और एकता का संदेश भी दियइं बांसकोट जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल स्थानीय प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।




### छह ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में बांसकोट, केरागांव, बालेंगा, हरवेल, धामनपुरी और मारंगपुरी कुल 6 ग्राम पंचायतों के युवा शामिल हुए। खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो–खो, गिल्ली–डंडा, रस्सी खींच, लंबी दौड़ लंबी कूद, व्हॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### समापन समारोह में रही इनकी उपस्थिति

समापन अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मैनवती नाग सरपंच बांसकोट, सुकमन मरकाम सरपंच बालेंगा, राजकुमारी मरकाम सरपंच केरागांव, महेश नेताम सरपंच हरवेल, रविशंकर नेताम सरपंच मारंगपुरी, फुलसिंह नेताम सरपंच प्रतिनिधि धामनपुरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी। साथ ही 6 संकुल के समन्वयक हीरालाल बघेल, पुरुषोत्तम नायक, रामप्रसाद नेताम, विशेष पटेल, एवं नोडल अधिकारी चौतराम नेताम उपस्थित रहे।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। महिला वर्ग सीनियर व्यक्तिगत खेल परिणाम 100 मी दौड़ प्रथम भुवनेश्वरी हरवेल, द्वितीय हेमबाई हरवेल 200 मी दौड़ प्रथम भुवनेश्वरी हरवेल, द्वितीय रमिला धामनपुरी 400 मी दौड़ प्रथम ललिता हरवेल, द्वितीय सनवारिन हरवेल लंबी कूद प्रथम हेमबाई हरवेल, द्वितीय कमलेश्वरी हरवेल ऊंची कूद प्रथम सहबती हरवेल, द्वितीय हेमबाई हरवेल जूनियर वर्ग बालक–बालिका कबड्डी बालक प्रथम हरवेल, द्वितीय बांसकोट तवा फेंक बालिका प्रथम धारती हरवेल, द्वितीय भारती हरवेल भाला फेंक बालिका प्रथम दुतिका बालेंगा तवा फेंक बालक प्रथम केशनाथ हरवेल, द्वितीय फुलचंद बालेंगा गोला फेंक प्रथम संतोष कुमार मरकाम बालेंगा भाला फेंक प्रथम रविशंकर बालेंगा रस्सी खींच प्रथम मारंगपुरी, द्वितीय धामनपुरी पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम बांसकोट, द्वितीय धामनपुरी 100 मी दौड़ प्रथम विजय कुमार बालेंगा, द्वितीय अजीत बांसकोट 200 मी दौड़ प्रथम अजीत बांसकोट, द्वितीय अमरसिंह बालेंगा लंबी कूद प्रथम अखिलेश बांसकोट, द्वितीय दुसराम मरकाम बालेंगा तवा फेंक सीनियर प्रथम अनुज हरवेल सामूहिक खेल महिला वर्ग खो–खोरू प्रथम हरवेल, द्वितीय बालेंगा व्हॉलीबॉल प्रथम मारंगपुरी, द्वितीय बालेंगा बैडमिंटन प्रथम रूपेश बालेंगा, द्वितीय केशव नेताम मारंगपुरी रहीं।

## पेज 9 के शेष

### 197 स्व-सहायता...

आय अर्जित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण कदम है। विविध आजीविका गतिविधियां संचालित कर लखपति बन रही हैं और आजीविका संबंधी कार्यों के नए-नए तरीकों के बारे में जानकारी अन्य महिलाओं को प्रदान कर रही हैं। वन धन विकास योजनातंर्गत वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण से रोजगार दिया गया।

### धान खरीदी संकट...

पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड न करना, नामांतरण और बंटवारे की प्रक्रिया अधूरी रहना तथा भूइया सॉफ्टवेयर में अद्यतन जानकारी का अभाव है। वहीं बड़ी संख्या में वन अधिकार पट्टा वाले किसानों के नाम भी तकनीकी कारणों से पंजीयन सूची से बाहर हो गए हैं।

**धान रकबा 22 प्रतिशत घटा-** बस्तर जिले में इस बार धान रकबा पिछले वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत घटा है। बीजापुर में यह गिरावट 21.13 प्रतिशत, दंतेवाड़ा में 28.40 प्रतिशत, कांकेर में 20.52 प्रतिशत, कोंडागांव में 24.56 प्रतिशत, नारायणपुर में सबसे अधिक 41.93 प्रतिशत और सुकमा में 32.74 प्रतिशत दर्ज की गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते दस्तावेज सत्यापन और नामांतरण प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए थी ताकि किसानों को पंजीयन से वंचित न होना पड़े। अब हजारों वास्तविक किसानों को सरकारी खरीदी केंद्रों में धान बेचने का अवसर नहीं मिलेगा। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ेगा। एग्रीस्टैक पंजीयन न कराने वाले किसान अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो गए हैं। अंतिम तिथि बीतते ही किसान च्वाईस सेंटरों और कृषि विभाग के दफ्तरों में चक्कर लगाने लगे हैं।

### 7 प्रकरणों पर...

जगन्नाथ बघेल पिता सुकरू एवं अजय शर्मा पिता अयोध्या प्रसाद शर्मा, एरार्कोट निवासी रामधर कश्यप पिता स्वर्गीय बोजो सहित बास्तानार तहसील अंतर्गत मूतनपाल निवासी बोके राम गावड़े पिता स्वर्गीय कोसा गावड़े और बकावण्ड तहसील के मोंगरापाल निवासी गुड़िया ठाकुर पति स्वर्गीय रामलाल ठाकुर प्रत्येक को दो-दो लाख रुपए सहायता प्रदान का अनुमोदन किया गया। वहीं करपावण्ड तहसील अंतर्गत तोंगकोंगेरा निवासी दावाकर्ता भीनेश्वरी खम्बारी पति जगन्नाथ खम्बारी को 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान करने की अनुशंसा की गई है। इन अनुशंसित प्रकरणों में चिकित्सालयों के द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए कैशलेस ट्रीटमेंट की सहायता शामिल है। बैठक में मौजूद समिति के सदस्य अधिकारियों सहित नामित समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधि द्वारा अपने अमूल्य सुझाव दिए गए।

### जांच में 1812 वाहनों...

विरुद्ध वाहनों का संचालन करते हुए पाए जाने पर विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही भी की जाएगी।

**नियमों का उल्लंघन नहीं करें-** परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें।

### पढ़ाई का दबाव...

आयोजन समाजोपयोगी कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक हिस्सा है। भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। यह बात रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने कही।

### जैन समाज ने...

आनेवाले समय में समाज के लोग आपस में अधिक जुड़ाव महसूस करें। समाज को विकास की तरह ले जा सके इसके लिए सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम की शुरूआत की बात कही। जिसमें समाज के सभी सदस्य अपने जीवन के अनुभव साझा कर सकेंगे ।इस अवसर पर पारसमल कागोत, गणेश लुंकड़, कोमलचंद बैद, विकास बरड़िया, जयेश ओस्तवाल, मोहित बरड़िया सहित अनेक समाजजनों ने अपने उद्बोधन दिए और सम्मानित प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन ओसवाल जैन श्वेताम्बर महिला मंडल एवं युवा संगठन ने किया गया। संचालन समाज के महासचिव अनिल कागोत एवं युवा संगठन से शुभम तातेड़ ने किया। कार्यक्रम में राजकुमार लोढ़ा, श्रीपाल दुग्गड़, किशोर पारख, जसराज बाफना, मनोहर गोलछा, राजेश सुराणा, नरेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे। संदीप पारेख ने सभी का आभार माना।

**इनका किया गया सम्मान-** आयोजन में कक्षा 1 से 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों और स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विशेष श्रेणी डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए, सीए, सीएस के विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी । जिनमें नृत्य, नाटक एवं कविता शामिल थे। समाज के कार्यों में विशेष योगदान के लिए गौतमचंद बुरड़ एवं ज्ञानमल मालू समाज की इकाइयां जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन, जैनिज्म, जैन कुशल संगठन, समता युवा संगठन, सुधर्म युवा मंडल एवं तेरापंथ युवक परिषद को सम्मानित किया गया।

### निषाद समाज के ...

ग्रहण भी हुआ। शोभाराम निषाद ने अध्यक्ष पद के द्वितीय कार्यकाल का प्रभार संभाला। वहीं विनय शंकर नाग उपाध्यक्ष, लता निषाद उपाध्यक्ष, हरिकिशन निषाद महासचिव, दीपक कुमार निषाद कोषाध्यक्ष, मुन्ना लाल निषाद संगठन सचिव, जितेंद्र निषाद उप-संगठन सचिव, उमाशंकर निषाद उप-संगठन सचिव, अनुसुइया निषाद सह सचिव, रैनू निषाद सह सचिव, लक्ष्मण निषाद अंकेक्षक, केशव निषाद प्रचार सचिव, मनोहर निषाद कार्यालय सचिव शामिल थे। विशिष्ट अतिथिगण में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कैवर्त, राष्ट्रीय महामंत्री कोमल देव निषाद, गिरिजा गुप्ता पार्षद ,संतोष जलतारे आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## आधुनिक कृषि तकनीक की दी गई जानकारी



**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बस्तर के कक्षा 9वी से लेकर 12वीं के कुल 118 छात्रों को राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा व्यवसायिक पाठ्यक्रम कृषि के छात्रों को शैक्षणिक जानकारी एवं औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य से चावड़ा कृषि फार्म रामपाल बस्तर भ्रमण कराया गया। जिसमें कृषक अमित चावड़ा के द्वारा जामुन, मिर्ची एवं ड्रेगन फ़्रूट, ड्रिंप सिंचाई आटोमेटिक पौधा के रोपण से लेकर विपणन तक की जानकारी छात्रों जमीनी स्तर से समझाया गया। जिसमें व्यावसायिक अध्ध्यनरत छात्रो के साथ संस्था के प्राचार्य पी आर. लॉउत्रे व्यावसायिक शिक्षक असीम देवनाथ, नंद कुमार पटेल, रितेश बघेल, राजू चन्द्रा, भूपेन्द्र कोशरिया, रोशन लाल भारद्वाज, एवं बूददूराम कश्यप उपस्थित रहें। छात्रों के द्वारा कृषक से अनेक प्रश्न किया गया जिसका सहजता से जानकारी मिली। छात्रों की स्वल्पाहार की व्यवस्था कृषि फार्म के संचालक के द्वारा करवाया गया। छात्र भ्रमण के दौरान छात्रों का उत्साह एवं उमंग दिखा।

## विकास कार्यों के ठहराव से जनता में रोष

**दंतेवाड़ा।** क्षेत्र में विकास कार्यों की पूर्ण ठहराव स्थिति पर भारतीय जनता पार्टी के गीदम मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने आम नागरिकों में व्याप्त आक्रोश को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। प्रेस नोट में उन्होंने भाजपा शासन के पिछले 15 वर्षों के विकास कार्य जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल और ग्रामीण विकास में हुए ऐतिहासिक कार्यों की तुलना करते हुए वर्तमान समय में इन कार्यों को पूरी तरह से ठप बताया है। श्री कश्यप ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि उस दौरान दंतेवाड़ा ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई थीं सड़क, पुल-पुलिया और भवनों का निर्माण हुआ, ग्रामीण अंचलों तक बिजली और पानी पहुँचा, युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर बने, किसान और आमजन का भरोसा शासन पर बना रहा। वर्तमान शासन-प्रशासन के दो साल के कार्यकाल पूर्ण होने जा रही है और क्षेत्र में विकास कार्य की गति उदासीनता और शून्य कार्यप्रगति के कारण अब क्षेत्र में न तो कोई नया कार्य प्रारंभ हुआ है, न ही पुराने कार्य पूरे किए गए हैं। जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



## 6 बीएलओ सुपरवाइजर व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत आज जिला स्तर पर तहसील कटेकल्याण कुआकोंडा, बड़े बचेली, दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसील स्तर के मास्टर ट्रेनर, बी.एल.ओं तथा बी.एल.ओ सुपरवाईजरों, सीएमओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं प्रक्रिया से अवगत कराया। और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा घोषित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है।

# समस्या से रूबरू होने बाइक से गांव मुनगा पहुंची तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा लगातार अंदुरूनी इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हो रही है। शनिवार को

■ **बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा ग्राम मुनगा**

तुलिका कर्मा धुर नक्सल क्षेत्र चिकपाल के आश्रित पंचायत मुनगा बाईक से पहुंची। मुनगा वह पंचायत है जहां जाने के लिए पैदल या फिर बाईक का सहारा लेना पड़ता है। जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया कि ग्राम मुनगा से प्रतापगिरी तक घाट कटिंग कार्य होने से ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने में काफी आसानी होगी। साथ ही ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल हेतु बोरिंग, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग की है। तुलिका ने कहा कि ग्राम पंचायत कई वर्षों से विकास की बाट जोह रहा है।

धुर नक्सल क्षेत्र होने के कारण इस गांव में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी सभी समस्याओं को सुन एक प्राक्लन तैयार किया जा रहा है, जिसे उच्च



अधिकारियों से मुलाकात कर जल्द से जल्द स्वीकृत करने का प्रयास भी किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने आगे बताया कि ग्राम मुनगा में घाट कटिंग नहीं होने से कई ऐसी पंचायत हैं जिन्हें ब्लॉक मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जैस जंगमपाल, प्रतापगिरी, छोटे लखापाल समेत कई ऐसी पंचायत है जिन्हें दंतेवाड़ा पहुंचने सुकमा जिला होकर आना पड़ता है। घाट कङ्कषटंग निर्माण को लेकर पूरी प्रक्रिया का पालन कर प्राक्कलन तैयार हो रहा है उम्मीद है जल्द ही कार्य स्वीकृत होगा। तुलिका ने कहा कि ग्राम मुनगा वासियों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र की भी मांग रखी है, जिससे वहां के ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके।

आपात स्थिति में सबसे बड़ी समस्या एम्बुलेंस गांव नहीं पहुंचती जिसके कारण ग्रामीण घाट में लादकर मरीज को ब्लॉक मुख्यालय लाते हैं। मुनगा वासियों ने तुलिका कर्मा को खुलकर अपनी समस्याएं बताई साथ ही उत्साह के साथ उनका स्वागत भी किया। इस दौरान लखमु नाग,धीरू नाग, सरपंच चिकपाल श्यामा मरकाम,पूर्व सरपंच जितेन्द, लखमु बघेल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# अब भय नहीं, विकास की पहचान है दंतेवाड़ा: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25वें जन्मोत्सव राज्योत्सव रजत महोत्सव का शुभारंभ आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण परिसर मेंढक डोबरा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री कश्यप द्वारा मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक विधि-विधान से की गई।

■ **वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव का हुआ शुभारंभ**

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्षों में विकास की नई परंपराओं की स्थापना हुई है। राज्य ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और यह रजत महोत्सव उन उपलब्धियों का प्रतीक है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि एक समय था



जब दंतेवाड़ा का नाम सुनते ही भय और असुरक्षा का भाव उत्पन्न होता था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। अब जब दंतेवाड़ा से फोन आता है, तो खुशी होती है, क्योंकि अब यह जिला शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क और विकास के हर क्षेत्र में नई दिशा की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में दंतेवाड़ा सहित समूचे बस्तर क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि पहले जगदलपुर और कांकेर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी, और अब दंतेवाड़ा में भी मेडिकल कॉलेज की नींव रखी जा चुकी है, जो यहां के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। जिले में अब सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आम नागरिक अंतिम छोर तक सहजता से पहुंच सकें। यह परिवर्तन विकास की उस यात्रा का प्रतीक है, जिसमें दंतेवाड़ा अब मजबूती से आगे बढ़ रहा है। नक्सली उन्मूलन के संबंध में उन्होंने आगे कहा कि बस्तर का स्वर्णिम समय अब आ गया है। जब बस्तर नक्सलवाद मुक्त बस्तर कहलायेगा, यहां हमारे प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री की इच्छा शक्ति का परिणाम है। इस अवसर पर मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए उसका अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक, जिला प्रशासन के नवाचार, पोषण, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को घर उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि हर परिवार को छत मिले, यही हमारे शासन का संकल्प है।

इसके पश्चात क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के योगदान का उल्लेख करते हुए मध्यप्रदेश से अलग करके छत्तीसगढ़ राज्य बनाने में उनका देन सदैव अविस्मरणीय रहेगी। अगर बस्तर की बात करें तो पूरे बस्तर जिले में सड़कों का जाल बिछ चुका हैं जहां पहले दंतेवाड़ा से रायपुर जाने में 8 से 9 घंटे लगते थे अब मात्र 6 घंटे में ये दूरी तय हो जाती है। इसके अलावा जिले से जगदलपुर जाने में भी एक घंटा का समय लगता है। यह रोड कनेक्टिविटी विकसित करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा के क्षेत्र में विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छूलो आसमान एवं लक्ष्य जैसे संस्थाओं के चलते आज यहा के युवा डॉक्टर, इंजीनियर, प्रषासनिक सेवाओं अपना योगदान दे रहे है। इसके साथ उन्होंने महतारी वंदन योजना, धन खरीदी, मिलेट फसलों का समर्थन मूल्य वृद्धि, लखपति दीदी योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये सब उपलब्धियों राज्य के बढ़ते विकास प्रतीक है।

इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी 25 वर्षों के विकास को अद्वितीय बताते हुए कहा कि आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिला देश दुनिया में अपनी एक नयी पहचान बनायेगा। राज्योत्सव के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने प्रतिवेदन में जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और आनंद का क्षण है। यह केवल उत्सव नहीं बल्कि उस जन यात्रा का प्रतीक है, जो जनता की आकांक्षाओं और सहभागिता से आगे बढ़ी है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत माता दंतेश्वरी के चरणों में वंदन करते हुए की और कहा कि जब वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था, तब अपनी पहचान, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और अपने विकास का राज्य का जो सपना देखा गया था, आज दंतेवाड़ा उस सपने को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने छत्तीसगढ़ के कलेवा, पर्यटन स्थल, और राज्य की पहचान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा गीत, कहानी और कविता के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आचार्यों और बच्चों ने छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को राज्य के रूप में स्थापित छत्तीसगढ़ ने अपने विकास के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने राज्य की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# योग स्पर्धा के लिए डीएवी पॉलिटेक्निक के छात्र का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र आदर्श सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर-विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में आदर्श सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

आदर्श सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी योग प्रतिभा, अनुशासन और आत्मसंयम का परिचय देते हुए न केवल अपने संस्थान का बल्कि पूरे बस्तर अंचल का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से कॉलेज परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने आदर्श सिंह को बधाई देते हुए कहा कि आदर्श सिंह ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक संतुलन का माध्यम है बल्कि यह जीवन की समग्र प्रगति का आधार भी है। हम




आदर्श की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ देते हैं। कॉलेज के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और प्रबंधन ने भी आदर्श सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि आदर्श सिंह नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं और संस्थान में आयोजित विभिन्न फिटनेस एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक, दंतेवाड़ा सदैव विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक और योग जैसी सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।

## प्रधानमंत्री के स्वागत का बीजापुर के नेता को मिला अवसर...

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्योत्सव में आगमन पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट ने आत्मीय स्वागत किया। बस्तर के सुदूर बीजापुर जिले के निवासी जी वेंकट भाजपा के कर्मठ नेताओं में गिने जाते है। उन्होंने पार्टी संगठन का आभार माना जब बीजापुर जिले के एक सेवक को प्रधानमंत्री के स्वागत का अवसर मिला।



# केरला कल्चरल एसोसिएशन ने ओणम पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में केरला क्लचरल एसोसिएशन ने आज पारंपरिक और धार्मिक उल्लास के साथ केरला भवन में ओणम का पर्व मनाया गया। यह केरला समाज का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध त्यौहार है, जो राजा महाबली की

■ **महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर उत्सव में आए अतिथियों का किया स्वागत**

याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनएमडीसी अधिशासी निर्देशक रविंद्र नारायण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों से दीप जलाया गया। केरला क्लचरल एसोसिएशन ने इस कार्यक्रम में विभिन्न समाज एवं संगठन के प्रमुखों को आमंत्रित किया।

इस अवसर पर पूरे केरला समाज के सभी धर्मों के लोग यह



ओणम मिलकर मनाते है। कार्यक्रम स्थल पर फूलों की रंगोली (पुक्कलम) सजाई, शाम को पारंपरिक नृत्य, संगीत का आयोजन हुआ।

महिलाओं ने पारंपरिक सफेद-सुनहरी साड़ी (कसावु साड़ी) पहनकर उत्सव में भाग लिया, जबकि पुरुषों ने धोती और सफेद शर्ट धारण किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों और समाज के सदस्यों के लिए विशेष व्यंजन ओणम साध्या परोसे गए, जिसमें केले के पत्ते पर 20 से अधिक तरह के व्यंजन रखे गए थे।

इस अवसर पर किरंदुल केरला क्लचरल एसोसिएशन के अध्यक्ष रीना अब्राहम और सचिव बिनू सैमुअल ने कहा ओणम पर्व केरल राज्य का सबसे बड़ा और प्रमुख त्योहार है और इसे बहुत ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से राजा महाबली की याद में मनाया जाता है ओणम प्रेम, समानता, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि सच्चा राजा वह होता है जो सबको समान रूप से देखे और सबकी भलाई चाहे। इस मौके पर एनएमडीसी अधिशासी निर्देशक रविंद्र नारायण ने भी केरला समाज को ओणम की शुभकामनाएं दीं और इसे एकता समृद्धि और खुशहाली का त्योहार बताया।

कार्यक्रम में किरंदुल केरला क्लचरल एसोसिएशन के अध्यक्ष रीना थॉमस, उपाध्यक्ष कुमार माधवन, प्रदीप संकरण, सचिव बिनु सैमुअल, सह सचिव विनोद एस एस, अनिल राजी, कोषाध्यक्ष अजीत टी आर, सह कोषाध्यक्ष दीपा प्रदीप, प्रीति दूधी, कार्यकारणी सदस्य वलसला दत्ता, सिंधु शर्मा, प्रदीपा शंकरन,सुरेश, अमितेश कुमार, अखिल शशिधरण,अनेक लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शिक्षक सम्मान समारोह तथा विदाई कार्यक्रम प्राचार्य एआर नोन्हारे के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस सामारोह का आयोजन विद्यालय के पूर्व व्याख्याता विजय कुमार मांझी वर्तमान पदोन्नति प्राचार्य तथा पूर्व शिक्षिका मीना देवांगन वर्तमान पदोन्नति व्याख्याता के सम्मान स्वरूप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा गीत गाकर किया गया तत्पश्चात विद्यालय के प्रधान अध्यापक प्रद्युत कुमार पाण्डे द्वारा शिक्षको का कार्यानुभव तथा विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए समय के बारे में अनुभव साझा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को आने वाले समय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात विद्यालय के व्याख्याता समीर मिश्रा ने भी शिक्षकों के




छात्राओं तथा विद्यालय परिवार के प्रति समर्पण तथा उनके द्वारा विद्यालय के विकास के लिए किए गए कार्यों को संक्षिप्त रूप में बताया। सभी छात्रा तथा विद्यालय परिवार इस पल में भावुक हो गए। कुछ विद्यालय की छात्राओं द्वारा भी शिक्षकों के प्रति अपना आभार कविता के माध्यम से प्रकट किया गया। विजय कुमार मांझी सर तथा मीना देवांगन द्वारा भी छात्राओं को निरंतर प्रयास करते रहने और हमेशा आगे बढ़ने तथा विद्यालय का नाम रौशन करने की सलाह दी गई। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य के द्वारा इस समारोह के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन पर सभी स्टाफ को बहुत-बहुत बधाई दी गई तथा दोनों शिक्षकों को उनके भविष्य में निरंतर सफल होने की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# गृह प्रवेश का आयोजन होना ग्राम पंचायत के लिए गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत बस्तर की ग्राम पंचायत बड़े चकवा में प्रधानमंत्री आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों ने अपने नए पक्के मकान में प्रवेश करते हुए ग्रामीण परंपरा और संस्कृति की सुंदर मिसाल पेश की। गृह प्रवेश के दौरान घरों के आंगन में रंगोली सजाई गई तथा छिंद पत्तों में फूल लगाकर पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरे माहौल में उत्सव का रंग भर गया। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों के लिए गर्व और आनंद का क्षण रहा।



वर्षों से कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान साबित हुई है। अब उन्हें सुरक्षित और पक्के घर में रहने की सुविधा मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह योजना न केवल रहने की सुविधा देती है, बल्कि जीवन में आत्म-सम्मान और स्थायित्व भी प्रदान करती है। राज्य स्थापना दिवस और गृह प्रवेश के इस संयुक्त अवसर को ग्रामीणों ने एक उत्सव के रूप में मनाया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच जनक कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से सरकार ने गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनमें यह योजना सबसे प्रभावी सिद्ध हुई है। राज्य स्थापना दिवस जैसे ऐतिहासिक दिन पर गृह प्रवेश का आयोजन होना ग्राम पंचायत के लिए गर्व की बात है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशन भुगतान एवं जीपीएफ प्राधिकार पत्र मिला



**जगदलपुर**। अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को विदाई कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में 31 अक्टूबर को दी गई। 10 शासकीय सेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कलेक्टर हरिस एस ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र, जीपीएफ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र और उपादान (ग्रैच्युटी) से संबंधित स्वत्वों के भुगतान आदेश प्रदान कर स्वस्थ-दीघार्यु एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कमलेश रायस्त और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान सेवकों ने भी सेवाकाल के अपने अनुभव साझा करते हुए पेंशन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के आभार माना।

### तेलंगाना में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिली शाबासी

**जगदलपुर**। सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर जिले के कयाकिंग खेल के खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस खिलाड़ियों ने हाल ही में तेलंगाना में ट्राइबल इंडियन नेशनल कयाकिंग और कनोयिंग खेल प्रतिस्पर्धा में ब्रांज मेडल हासिल किए थे। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर व खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।


# 25 वर्षों में हर गांव तक पहुंची बिजली की रोशनी, 578 गांव पूरी तरह बिजली से जुड़ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की पावन धरा अब सिर्फ जंगलों और आदिवासी संस्कृति की गवाह नहीं रह गई बल्कि बिजली की रोशनी हर गांवों में पहुंची है। पिछले पच्चीस वर्षों में जगदलपुर ग्रामीण संभाग ने विद्युतीकरण के क्षेत्र में जो छलांग लगाई है। वर्ष 2000 में जहां एक गांव तक बिजली पहुंचाना चुनौती थी वहीं 2025 में हर मजरा-टोला, हर घर रोशनी से जगमगा रहा है। अब बस्तर जिले में विद्युतीकरण का स्तर सौ फीसदी हो चुका है। आदिवासी बहुल इस इलाके के गांव-गांव में फैले विद्युत सुविधा ने जनजीवन को आसान किया। खेती-बाड़ी के लिए सिंचाई में किसानों को बड़ी सहूलियत हो रही है।

कार्यपालन अभियंता पीके अग्रवानी के अनुसार जगदलपुर ग्रामीण संभाग के 577 गांव और शहर क्षेत्र का एक गांव मिलाकर कुल 578 गांव अब पूरी तरह बिजली से जुड़ चुके हैं। मजरा-टोलों की संख्या उन दिनों के 3989 से बढ़कर 5107 हो गई है और इनमें से हर एक तक बिजली की लाइनें पहुंच चुकी हैं। अंधेरे की कोई छाया अब कहीं नहीं बची है। यह बदलाव सिर्फ तारों और खंभों की कहानी नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे की पूरी क्रांति है। 33/11 केवी सब स्टेशनों की संख्या महज छह से बढ़कर 27 हो गई, जिनकी क्षमता 24 मेगावोल्ट एम्पीयर से छलांग लगाकर 138.70 मेगावोल्ट एम्पीयर तक जा पहुंच चुकी है। वहीं 11 केवी लाइनों का जाल 1390 किलोमीटर से बढ़कर 4850 किलोमीटर तक विस्तृत हो चुका है, जबकि कम वोल्टेज की लाइनें 2257 किलोमीटर से बढ़कर 6017 किलोमीटर तक पहुंच गई हैं। हालांकि, इस सफर में चुनौतियां भी कम नहीं रहीं।

## दूरस्थ ग्रामीण इलाकों तक हो रहा उजियारा



### परचनपाल में 400 केवी सब स्टेशन का निर्माण

झारा घाटी में माओवादियों ने बिजली के टावर को गिरा दिया था जिसके कारण 20 दिनों से अधिक समय तक आधे से अधिक बस्तर संभाग में बिजली गुल की भयावह समस्या उत्पन्न हुई थी। उसके बाद फिर ब्लैक आउट हुआ था। इन विद्युत अवरोध की स्थिति को देखते हुए बस्तर के समीप परचनपाल में लगभग 450 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 400 केवी सब स्टेशन का निर्माण किया गया।

## उपमुख्यमंत्री ने योजनाओं का लाभ लेने वालों को दी सौगात

# बेघर परिवार को मिली आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के 25 वें राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रजत जयंती समारोह में समावेशी विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दिखी।

■ शासन की योजनाओं का लाभ पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे



नगर निगम के लाभार्थियों के माध्यम से बेघर परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के सरकार के लक्ष्य को दशार्ते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के श्रीनिवास सोनी, आरती यादव, प्रेमलता खत्री, और सरस्वती को उनके सपनों के घर की चाबी प्रदान की गई। यह वितरण विशेष रूप से उन पांच हितग्राहियों को किया गया। जिन्होंने हितग्राही अंशधारी की संपूर्ण राशि जमा कर दी थी और जिन्हें उपमुख्यमंत्री के हाथों यह सौगात मिली। इसके अतिरिक्त छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित पीएम स्वनिधि योजना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसके अंतर्गत बेलमति बघेल और विभा शर्मा को उनके व्यवसाय के विस्तार हेतु ऋण वितरण किया गया। साथ ही उन्हें उनके कारोबार को एक नई पहचान और गति देने के लिए परिचय बोर्ड भी प्रदान किए गए।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में मछली पालन विभाग की पहल विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। विभाग ने अपनी योजनाओं के तहत ग्रामीण मछुआरों को मछली पकड़ने के जाल वितरित किए। जिनमें आड़ावाल के मंगल कश्यप, सुलधर बघेल, हरिलाल बघेल, और पिंकू बघेल, तथा गोरियापाल से कुमा कुंजाम और विजय और विकास शामिल थे। भविष्य की तैयारी को देखते हुए गोरियापाल के विकास और साडरा बोदेनार के कामेश्वर को मत्स्य बीज भी प्रदान किए गए।

वही जनकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए समाज कल्याण विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए ताकि वे आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सकें। इनमें विक्रम हुसैन, नागेश्वर राव, चेतमन नाग और खोड़सू राम को व्हील चेयर, रामेश्वर मौर्य को कृत्रिम हाथ, जलविन्दर सिंह को छड़ी, रमेश मंडावी और मनोज नेताम को श्रवण यंत्र और सत्तूकुमार को स्मार्ट केन की सौगात दी गई। वहीं श्रम विभाग ने भी मुख्य रूप से दिव्यांग हितग्राही श्रमिकों के बीच पंजीयन कार्ड वितरित किए, जिससे रवि सोनी, माधुरी सोनी, पद्मिनी निषाद और एस्तर नाग विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होंगे।

### कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने कटिबद्ध

छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह में इन कल्याणकारी योजनाओं का यह सफल क्रियान्वयन और सामग्री वितरण यह सुनिश्चित करता है कि राज्य अपने नागरिकों, विशेषकर कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने और उन्हें विकास की दौड़ में शामिल करने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है।

## उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री का आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर**। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वनमंत्री केदार कश्यप का मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर विधायक दंतेवाड़ा चैतराम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस,वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने भी स्वागत किया।

## राजनीतिक दलों के एजेंटों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल, समावेशी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से बस्तर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक दलों के एजेंटों को प्रशिक्षण दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बस्तर और तोकापाल द्वारा 1 नवंबर को प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। यह सत्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 85-बस्तर , 84-नारायणपुर (आंशिक), और 87 चित्रकोट के समस्त मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बूथ लेबल एजेंटों को उनके दायित्वों और निर्वाचक नामावली को अद्यतन करने की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराने के लिए आयोजित किया गया। बस्तर तहसील के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए यह प्रशिक्षण जनपद पंचायत बस्तर के सभागार में आयोजित हुआ। जबकि विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट के बूथ एजेंटों के लिए जनपद पंचायत तोकापाल के सभागार में सत्र रखा गया था।

## कुटुमसर गुफा पहुंची जीएसआई की टीम...



जगदलपुर। जीएसआई रायपुर के भूविज्ञानी बैसाखी साहू की टीम ने शुक्रवार को कुटुमसर गुफा की साफ-सफाई किया गया। साथ ही कुटुमसर गुफा और ग्रीन गुफा का भ्रमण किया। इस दौरान कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार, एसडीओ कमल तिवारी, रेंजर आदि शामिल रहे।

# बस्तर के उत्पादों को आमचो बस्तर हॉट कियोस्क से मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिटी ग्राउंड में रविवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया।

■ उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत आमचो बस्तर हॉट कियोस्क का उद्घाटन किया। साथ ही बस्तर आर्ट (कला गुड़ी) कैटलॉग का विमोचन भी किया । यह आमचो बस्तर हॉट कियोस्क का उद्देश्य बस्तर जिले में दूरदराज के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना है। छत्तीसगढ़ और बस्तर जिले में पहली बार शुरू किए गए इस कियोस्क के माध्यम से समूह अब अपने बेहतरीन उत्पादों को विक्रय कर सकते हैं, जिससे उनकी बाजार तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

इस कियोस्क पर बेलमेटल, ढोकरा आर्ट, बांस शिल्प, काष्ट शिल्प, और मूर्ति कला जैसे अद्भुत हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध हैं जो बस्तर की समृद्ध कला को दशार्ते हैं। इसके अलावा, काजू, इमली उत्पाद, कोदो, कुटकी, महुआ, हल्दी, मिर्ची, धनिया, तीखुर, और बस्तर कॉफी जैसे स्थानीय उच्च गुणवत्ता वाले कृषि और वनोपज उत्पाद भी विक्रय के लिए रखे गए हैं।

आमचो बस्तर हॉट कियोस्क का मुख्य लक्ष्य समूहों की आय में वृद्धि करना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। यह इकाई न केवल उत्पादों का प्रचार करेगी, बल्कि समूहों को ग्राहकों की जरूरतों और पसंद को सीधे समझने का अवसर भी प्रदान करेगी, जिससे वे अपने उत्पादों को बाजार की माँग के अनुसार तैयार कर सकें। उप मुख्यमंत्री साव ने इस पहल को बस्तर के स्थानीय लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम निरूपित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, आयुक्त डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भगवान शालीग्राम की निकली बारात



**जगदलपुर**। देवउठनी एकादशी पर रविवार को तुलसी विवाह जगन्नाथ मंदिर में संपन्न हुआ। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज सहित सनातन धर्म के कई समाज की मौजूदगी में भगवान शालीग्राम की बारात निकली। शाम को धूमधाम से जगन्नाथ मंदिर से बारात मुख्य मार्गो पर निकली। गाजे बाजे से निकली बारात का लोगों ने दर्शन किए। परंपरा अनुसार जगन्नाथ मंदिर में विवाह और एकादशी पर सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए गए।

## सीएमएचओ के हस्तक्षेप से मरीज को इलाज की राशि वापस मिली



**जगदलपुर**। सीएमएचओ के हस्तक्षेप से ललिता को इलाज में खर्च की हुई राशि वापस मिली। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल के विशेष सहायक द्वारा प्राप्त निर्देश उपरांत बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा पीड़ति तेली मारेगा मास्टर पारा निवासी 25 वर्षीय ललिता मौर्य के पैर में फ्रैक्चर बस्तर ओलंपिक के विकास खंड स्तरीय लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेते वक्त हो गया था, उन्हें परिजनों द्वारा विशेष इलाज हेतु मेकाज से लाकर एमपीएम अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और आयुष्मान कार्ड के जिला नोडल अधिकारी पृथ्वी साहू द्वारा मरीज से भेंटकर उनको दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। एमपीएम के प्रबंधन से बात कर आयुष्मान कार्ड प्रारंभ करवाया गया, जिसके उपरांत जिसमें उनके परिजनों द्वारा इलाज हेतु जमा की गई 6800 रूपए की राशि को वापस करवाई गई। आगे की पूरी चिकित्सा व्यवस्था आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ही किए जाने हेतु प्रबंधन को निर्देश दिए गए, जिस पर प्रबंधन ने सहमति देते हुए तत्काल परिजनों को जमा की गई राशि वापस की गई और शेष आगे की राशि भी आयुष्मान कार्ड से ही लिए जाने हेतु सहमति दी गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज और नारायणपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्रधानमंत्री का सांसद ने माना आभार



छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के नारायणपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के अंतर्गत कस्तुरमेटा, कुतुल, नीलांगर (महाराष्ट्र सीमा तक) दो लेन सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। यह परियोजना बस्तर अंचल के संपर्क,व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दंतेवाड़ा जिले में नए मेडिकल कॉलेज के निर्माण की आधारशिला रखी। यह बस्तर लोकसभा क्षेत्र का दूसरा मेडिकल कॉलेज होगा जिससे युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार आएगा। सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर को मिले दो उपहार बस्तर अंचल के सर्वांगीण विकास बेहतर संपर्क और आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जहां स्वास्थ्य सुविधाएं और चिकित्सा शिक्षा नई ऊँचाइयों को छुएंगी। वहीं नारायणपुर से महाराष्ट्र सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से बस्तर अंचल का संपर्क, व्यापार और पर्यटन और अधिक सशक्त होगा।

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)